गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर (छ0ग0)

विद्या परिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनॉक 12–08–2016 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनॉक 12–08–2016 को पूर्वान्ह: 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई । बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रहीः–

01	प्रो0 अंजिला गुप्ता, कुलपति	अध्यक्ष
02	प्रो0 जे.एस. दांगी	सदस्य
03	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	सदस्य
04	प्रो0 अनुपमा सक्सेना	सदस्य
05	प्रो0 पी.के. बाजपेयी	सदस्य
06	प्रो0 मुकेश कुमार सिंह	सदस्य
07	प्रो0 विशन सिंह राठौड़	सदस्य
08	प्रो0 मनीष श्रीवास्तव	सदस्य
09	प्रो0 एल.पी. पटैरिया	सदस्य
10	डॉ0 रश्मि अग्रवाल	सदस्य
11	डॉ0 एम.सी. राव	सदस्य
12	डॉ0 राकेश पाण्डेय	सदस्य
13	डॉ0 रेणू भट्ट	सदस्य
14	प्रो0 बी.एन. तिवारी (कार्यवाहक कुलसचिव)	सचिव
15	डॉ0 पी.पी.मूर्ति	विशेष आमंत्रित सदस्य

समिति ने प्रथमतः विद्यापरिषद के स्थायी समिति की बैठक दिनॉक 05–08–2016 एवं स्थगित बैठक दिनॉक 08–08–2016 की पुष्टि की तथा विषय कमॉक 07 में कतिपय संशोधन सुझाये । संशोधन के साथ कार्यवृत की पुष्टि की ।

समिति के समक्ष श्री ब्रज किशोर भारती, शोधार्थी, प्रबंध अध्ययन विभाग का प्रकरण विचार हेतु प्रस्तुत किया गया । समिति ने निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की तथा निर्णय लिये –

श्री ब्रज किशोर भारती का शोधार्थी के रूप में पंजीयन, प्रवेश अवधि के लगभग 05 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत भी नहीं हो पाया है । अतः इस संबंध में एक तथ्यात्मक जांच समिति का गठन किया गया था । तथ्यात्मक जॉच समिति के प्रतिवेदन का वाचन स्थायी समिति के समक्ष किया गया ।

समिति ने यह निर्णय लिया कि जॉच प्रतिवेदन कार्य परिषद की आगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जावे ।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि विभागीय शोध समिति, प्रबंध अध्ययन संस्थान को निर्देशित किया जाता है कि मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये उचित निराकरण हेतु शीघ्र बैठक बुलाकर स्पष्ट निर्णय लेवें ।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि विभाग के विभागाध्यक्ष के प्रभार में परिवर्तन किया जाये । वर्तमान विभागाध्यक्ष के स्थान पर किसी अन्य को विभाग का प्रभार प्रदान किया जाये तथा इस संबंध में प्रशासनिक कार्यवाही पृथक से किये जाने की अनुशंसा की गई ।

समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि ब्रज किशोर भारती को शोधार्थी के रूप में हुये भुगतानों का उचित परीक्षण पृथक से किया जाये ।

12/08/16 — कुलसचिव (कार्यवाहक)

12.8.16 — कुलपति / अध्यक्ष